**न्यायालयः-** अपर जिला न्यायाधीश, क्रम संख्या-3, कोटा (राज.)

**Order Sheet**

**(Order 24 Rule 7, Order 32 Rule 3)**

श्रीमती ओमलता वगैरा बनाम राजेन्द्र कुमार गुप्ता

सी.आई.एस. प्रकरण संख्या-117/2017

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 11.05.2026 | अधिवक्तागण पक्षकारान उपस्थित। अप्रार्थी राजेन्द्र कुमार गुप्ता की ओर से न्यायालय में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर निर्णय व डिक्री दिनांक 28.05.2025 को रिकॉर्ड पर लिये जाने का प्रार्थना-पत्र अंतर्गत आदेश 41 नियम 27 सी.पी.सी. पेश हुआ था। उक्त प्रार्थना-पत्र के संबंध में अधिवक्ता अपीलांट के द्वारा कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है।<br><br>इसी प्रकार अपीलांट ओमलता मालवीय के द्वारा एक अन्य प्रार्थना-पत्र अंतर्गत आदेश 41 नियम 27 सीपीसी प्रस्तुत कर आदेश दिनांक 18.09.2018 को रिकॉर्ड पर लेने की प्रार्थना की गयी थी। उक्त प्रार्थना-पत्र के संबंध में भी रेस्पोंडेंट की ओर से कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है।<br><br>उपरोक्त दोनों प्रार्थना-पत्रों के संबंध में आज दिनांक 11.05.2026 को बहस सुनी गयी एवं संबंधित दस्तावेजात का अवलोकन किया गया।<br><br>प्रकरण में उपरोक्त दोनों दस्तावेजात न्यायालय/सक्षम प्राधिकारीगण द्वारा जारी न्यायिक आदेश हैं। इन परिस्थितियों में उक्त आदेशों की शुद्धता एवं विधिमान्यता के संबंध में संदेह नहीं है। यद्यपि उक्त दोनों दस्तावेजात को प्रलेख पर लिया जाना एवं प्रस्तुत की गयी अपील पर उक्त दस्तावेजात के आधार पर न्यायालय द्वारा अभिमत बरवक्त निर्णय अपील किया जाना न्यायोचित पाया जाता है। इन परिस्थितियों में उपरोक्त प्रस्तुत दोनों प्रार्थना-पत्र अंतर्गत आदेश 41 नियम 27 सी.पी.सी. के संबंध में अंतिम आदेश बहस अपील सुनी जाकर बरवक्त निर्णय निर्धारण किया जाना न्यायोचित पाया जाकर उपरोक्त दोनों प्रार्थना-पत्र निस्तारित किये जाते हैं। प्रकरण लक्षित प्रकरणों में शुमार है। अतः आगामी तारीख पेशी पर आवश्यक रूप से | |

11.5.26

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner